ये माना बालाजी दिलदार तुम हो

ये माना बालाजी दिलदार तुम हो,
मगर दिल लुटाने में हम कम नहीं हैं,
तुमसे ही लेकर तुम पे लुटाएं,
मगर दिल लुटाने में हम कम नहीं हैं,

हमारी कहानी तुम्हें क्या बताएं रो रो के हमने दिन है बिताये,
तेरी कसम हम सच कह रहे हैं, तुम्हारे से बढ़कर कसम ही नहीं है,
ये माना बालाजी दिलदार तुम हो.......

तुमको ही चाहा तुमको ही ध्याया खुद भूखे रह कर तुझको खिलाया,
एक दिन ज़रा सा भूखे रह के देखो, कहो कि हम में दम ही नहीं है,
ये माना बालाजी दिलदार तुम हो.....

ये माना तुह्मारा सब कुछ दिया है प्रेम भी हम ने तुमसे किया है,
एक बार देव को दर्श दे के देखो, कहोगे कि तुम भी कुछ कम नहीं हो,
ये माना बालाजी दिलदार तुम हो.....

पंडित देव शर्मा
श्री दुर्गा संकीर्तन मंडल
रानियां, सिरसा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/9684/title/ye-mana-bala-ji-dildaar-tum-ho-magar-dil-lutane-me-hum-km-nhi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |